# चीन के साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाली गैंग चढ़ी पुलिस के हत्थे



पुलिस ने चीन के साइबर ठगों को राजस्थान में बैंक खाते उपलब्ध कराने वाली गैंग के दो सदस्यों के साथ किराए पर बैंक अकाउंट देने वाले दो खाता धारकों को गिरफ्तार किया ।

- **आरोपितों ने बताया कि उन लोगों ने किरायानामे को आधार बना कर प्रेक्सिज आर्टिफिशियल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी खोली**

**जयपुर।** श्याम नगर थाना पुलिस ने चीन के साइबर ठगों को राजस्थान में बैंक खाते उपलब्ध कराने वाली गैंग के दो सदस्यों के साथ किराए पर बैंक अकाउंट देने वाले दो खाता धारकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों से 7 लाख 70 हजार कैश, 3 बैंक पास बुक, 23 चेक बुक, 6 एटीएम किट, 28 एटीएम कार्ड, 10 मोबाइल सिम, 4 किरायानामे और अन्य सामान जब्त किया है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन लोगों ने किरायानामे को आधार बना कर प्रेक्सिज आर्टिफिशियल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी खोली। कंपनी साइबर फ्रॉड से मिलने वाली राशि को व्हाइट मनी में बदलने में काम आती थी। बदमाशों के पास जो बैंक अकाउंट हैं, उनके खिलाफ देश में 19 शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने चीन के साइबर ठगों को राजस्थान में बैंक खाते उपलब्ध कराने वाली गैंग के आरोपित सदासुख विश्नोई (21) निवासी चाखू जिला फलौदी हाल मोहनगढ़ जिला जैसलमेर,अंकू चंदोलिया (23) निवासी शाहपुरा जयपुर, कमल कुमार कुमावत (21) निवासी शाहपुरा जयपुर और कमलेश वर्मा (20) निवासी शाहपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली कि थी एक फ्लैट में कुछ गलत काम करने वाले लोग हैं। जिस पर पुलिस टीम फ्लैट नम्बर 402 एवेन्यू प्राइम बिल्डिंग, राम विहार, कमला नेहरू पुलिया के पास अजमेर रोड पहुंची और फ्लैट में दबिश दी। जहां पुलिस को मौके पर 7 लाख 70 हजार रुपए नकद, 3 बैंक पास बुक, 23 चेक बुक, 6 एटीएम किट, 28 एटीएम कार्ड, 10 मोबाइल सिम, 4 किरायानामे और अन्य सामान जब्त किया है।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गैंग का मुख्य सरगना सुनिल जाखड़ निवासी बीकानेर का है। जाखड़ के जरिए चीन में बैठे साइबर ठगों से वे लोग संपर्क में हैं। सुनील जाखड़ ने बैंक खाते किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए गैंग बना रखी है। गैंग के सदस्यों को अलग-अलग काम दे रखा है। गैंग के सदस्य गांव के लोगों को 10-30 हजार रुपए प्रति महीने का लालच देकर उनसे बैंक खाता किराए पर लेते हैं।

गैंग खाताधारक से खाते के लिंक मोबाइल सिम, चेक बुक तथा एटीएम कार्ड लेकर अपने पास रखते हैं। चीन में बैठे साइबर ठगों को ठगी की राशि ट्रांसफर करने के लिए बैंक खाता उपलब्ध करवा देते हैं। जब भी बैंक खाते में राशि आती है, गैंग उस राशि को एटीएम या चेक से नकद निकाल कर अपने पास रख लेती है। चीन में बैठे ठगों के आदेश पर गैंग का सरगना सुनील जाखड़ नकद राशि से यूएसडीटी खरीद लेता है। उस यूएसडीटी के कोड को चीन के ठगों को भेज देता।

## ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशक संवाद आयोजित

**जयपुर ।** पर्यटन कला एवं संस्कृति, पुरातत्व एवं संग्राहालय, अध्यक्ष आरटीडीसी राजेश यादव, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़, नगरीय विकास राजस्व, स्थानीय स्वायत्त शासन विभाग की उपस्थिति में बुधवार को आरटीडीसी के होटल गणगौर में राईजिंग राजस्थान पर्यटन सेक्टर एमओयूज एक्सेलरेटिंग ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशक संवाद आयोजन किया गया। 79 एम ओ यू होल्डर की उपस्थिति में राईजिंग राजस्थान के एमओयूज को धरातल पर उतारने के लिए निवेशकों के लंबित विषय जैसे भूमि आवंटन, भूमि रूपांतरण, भवन स्वीकृति योजनाओं या अन्य मुद्दों को शीघ्रता से निस्तारण करने हेतु चर्चा की गई। इसके साथ ही टूरिज्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा होटल निर्माण की ऋण आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी दी गई।प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन कला एवं संस्कृति, पुरातत्व एवं संग्राहालय, अध्यक्ष आरटीडीसी राजेश यादव ने निवेशकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यटन, उद्योग ही नहीं बल्कि राजस्थान के आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन की धुरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 11-12 दिसंबर- 2025 में आयोजित किए जाने वाले राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## डिफेक्टिव मीटर शून्य घोषित हुए जयपुर डिस्कॉम के पांच सर्किल

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम के 8 सर्किलों में अब सभी खराब मीटर बदल दिए गए हैं। जुलाई माह में दौसा, जयपुर जिला वृत्त-(उत्तर) तथा झालावाड़ सर्किल को डिफेक्टिव मीटर मुक्त करने के बाद जयपुर डिस्कॉम ने अगस्त माह में जयपुर नगर वृत्त-उत्तर एवं दक्षिण, कोटा, बून्दी तथा बारां सर्किल को भी जीरो डिफेक्टिव मीटर सर्किल करने में कामयाबी हासिल की है। इसी प्रकार कोटा जोन, प्रदेश के तीनों विद्युत वितरण निगमों में पहला जोन बन गया है जिसके, सभी सर्किल डिफेक्टिव मीटर मुक्त कर दिए गए हैं।

ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने अगस्त माह में शून्य डिफेक्टिव मीटर की उपलब्धि हासिल करने वाले कोटा जोन के मुख्य अभियन्ता तथा सभी पांचों सर्किल अधीक्षण अभियन्ताओं को बुधवार को विद्युत भवन में प्रमाण पत्र सौंप कर उन्हें बधाई दी। चेयरमैन डिस्कॉम्स सुआरती डोगरा भी इस अवसर पर मौजूद थीं।

नागर ने इस महत्वपूर्ण कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जयपुर विद्युत वितरण निगम के शेष 10 सर्किलों को भी डिफेक्टिव मीटर मुक्त करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अजमेर एवं जोधपुर विद्युत वितरण निगमों को भी डिफेक्टिव मीटर मुक्त बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाई जाए।इस दौरान चेयरमैन डिस्कॉम्स सुआरती डोगरा ने बताया कि विद्युत मीटर के लम्बे समय तक खराब रहने के कारण निगम को बिलिंग और राजस्व की आर्थिक हानि होती है। इस समस्या के निराकरण के लिए जयपुर डिस्कॉम को डिफेक्टिव मीटर मुक्त करने की कार्य योजना तैयार की गई। इसके तहत इन पांचों सर्किलों में 1 अप्रैल 2024 से 31 जुलाई 2025 तक 72979 खराब मीटर बदले गए हैं। इनमें जयपुर नगर वृत्त-उत्तर में सर्वाधिक 28300, जयपुर नगर वृत्त-दक्षिण में 23018, कोटा वृत्त में 12489, बून्दी वृत्त में 6939 तथा बारां सर्किल में 2233 खराब मीटर बदले गए हैं।

## सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**जयपुर।** कालवाड थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर महिलाओं को टारगेट कर गलत टिप्पणी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया हैं। आरोपित ने कई फेक आईडी बना रखी हैं। जिस पर महिलाओं की फोटो लगाकर उन पर गलत टिप्पणी करता था। आरोपित के खिलाफ जयपुर की एक महिला ने मामला दर्ज करवाया था । फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि कालवाड थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर महिलाओं को टारगेट कर गलत टिप्पणी करने वाले प्रहलाद सिंह उर्फ भानु प्रताप सिंह शेखावत (25) निवासी सालासर जिला चूरू गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि उसने कई फेक सोशल मीडिया अकाउंट बना रखे हैं। सोशल मीडिया पर उसे किसी की भी टिप्पणी पर एतराज होता था। तब वह उस पर गलत टिप्पणी करना शुरू कर देता था। आरोपी के पास से कई दस्तावेज मिले है।

## हेरिटेज निगम ने सिविल लाइन जोन में चलाया अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

- **निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने की कार्रवाई, सतर्कता शाखा ने 5400 रुपए परिवहन शुल्क किया जमा**

**जयपुर।** शहर को अतिक्रमण मुक्त और यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर निगम हेरिटेज लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को हेरिटेज निगम के सिविल लाइन जोन की ओर से हसनपुरा, चार नंबर डिस्पेंसरी, रोजगारेश्वर महादेव मंदिर और एनबीसी के पास सहित परकोटे के बाजारों में भी अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जिसमें आठ ट्रक सामान जब्त किया गया, साथ ही 5400 रुपए परिवहन शुल्क भी जमा किया गया।

सिविल लाइन जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने बताया कि यह अभियान नगर निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल के निर्देश पर चलाया गया। कार्रवाई में निगम की सतर्कता शाखा की विशेष भागीदारी रही, जिसने मौके पर मौजूद अतिक्रमण हटाने में पूरी सक्रियता दिखाई।

कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे बनी अवैध अस्थाई दुकानों, ठेले, टीन शेड, बैनर-होर्डिंग और दुकानों के बाहर फैलाए गए सामान को हटाया गया। अतिक्रमणकारियों को मौके पर ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा अवैध कब्जा करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने बताया कि अस्थाई अतिक्रमण करने वाले लोगों को निगम प्रशासन का सख्त संदेश है कि शहर की सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने कहा कि जनता की सुविधा और शहरी व्यवस्था के लिए यह अभियान जरूरी है। नागरिकों से भी अपील है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं और शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें।यह कार्रवाई न सिर्फ क्षेत्रवासियों के लिए राहतकारी रही, बल्कि आने-जाने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भी अब सुगमता से आवागमन का रास्ता मिल सकेगा। निगम ने संकेत दिए हैं कि शहर के अन्य अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों में भी जल्द ही इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, स्वच्छता अभियान के तहत हेरिटेज निगम के अधिकारियों द्वारा सड़क पर कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को सिविल लाइन जोन क्षेत्र में ही सड़क पर कचरा फैलाने पर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक ने एक हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया। उपायुक्त स्वास्थ्य ने बताया कि सोडाला निवासी गुलफाम अपनी गाड़ी में से कचरा सड़क पर फेंक रहा था। इस पर वार्ड के स्वास्थ्य निरीक्षक कपिल गोलेछा ने गुलफाम से मौके पर ही कचरा हूपर में डलवाया और एक हजार रूपये का केरिंग चार्ज कर दिया।

## जयपुर स्मार्ट सिटी सीईओ डॉ. निधि पटेल ने की समीक्षा बैठक



जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सीईओ डॉ. निधि पटेल ने बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में समीक्षा बैठक की।

**जयपुर।** जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सीईओ डॉ निधि पटेल ने बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में समीक्षा बैठक की। इस दौरान स्मार्ट सिटी सीईओ डॉ निधि पटेल ने डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि स्मार्ट सिटी में बने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कैमरों से कचरा फेंकने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएं।

जिससे कि सड़क पर कचरा फेंकने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएं। सीईओ निधि पटेल ने कहा कि आमतौर पर देखा जा रहा है कि शहर के प्रमुख बाजारों में देर रात तक खुलने वाली दुकानों से कचरा सड़क पर ही फेंका जा रहा है, जो कि सुबह तक सड़क पर ही पड़ा रहता है और ओपन डिपो का रूम लेकर शहर की सफाई व्यवस्था को खराब कर रहा है। इसके लिए निगम प्रशासन और स्मार्ट सिटी के अधिकारी मिलकर ठोस प्लानिंग करें और उन दुकानों को चिह्नित कर समझाइश करें नहीं मानने पर भारी चालान वसूला जाएं। जिससे कि सफाई व्यवस्था बेहतर हों।

वहीं समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ निधि पटेल ने स्मार्ट सिटी के प्रगतिरत प्रोजेक्ट की समीक्षा की और कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए। साथ ही लाल डूंगरी कचरा ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण कार्य, एमआरएफ प्लांट के शुरू होने के लिए शीघ्र पॉल्यूशन एनओसी लेने और लंगड़ियावास में पौधरोपण करने के निर्देश दिए।समीक्षा बैठक में स्मार्ट सिटी के अधिकारी और नगर निगम हेरिटेज के जोन उपायुक्त और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर कार्यशाला आज

**जयपुर ।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने बताया कि गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में ''हर घर तिरंगा'' अभियान तथा ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' के संदर्भ में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। परनामी ने बताया कि भाजपा प्रदेशभर में 10 से 14 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा'' अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालेगी। यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पैदल मार्च और भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 13 से 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश के प्रत्येक घर, व्यावसायिक प्रतिष्ठान एवं सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

## आराध्य देव गोविंद देव जी को कच्चे सूत की केसरिया रंग की पवित्राएं अर्पित की

**जयपुर।** श्रावण शुक्ला द्वादशी बुधवार को आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर गोविंद देव जी, राधा रानी और अन्य विग्रहों को पवित्रा धारण कराई गई। ठाकुर श्रीजी को सुनहरी, रुपहली, 108 मणियों की रेशमी पवित्रा, कच्चे सूत की केसरिया रंग की पवित्राएं तथा 108 गांठों वाली पीले-केसरिया सूत की विशेष पवित्राएं अर्पित की गईं।

चमकीले रेशम से बनी दो मुख्य पवित्राएं ठाकुर जी की पोशाक के ऊपर धारण करवाई गईं जबकि पांच विशेष पवित्राएं चरणों में समर्पित की गईं। मंदिर के जगमोहन में सजे चांदी के झूले पर 216 पवित्राएं बांधी गईं।

धूप झांकी से लेकर शयन झांकी तक ठाकुर जी ने पवित्रा धारण किए रखा। गौड़ीय संप्रदाय में पवित्रा को वर्ष भर की गई सेवा का प्रतीक माना जाता है। यदि पवित्रा अर्पित नहीं की जाती, तो वर्ष भर की सेवा निष्फल मानी जाती है। पवित्रा सुंदर, सुगंधित केसर से रंगी हुई होती है जिसकी गांठें भगवान को कष्ट न दें, बल्कि उन्हें शोभायमान करें।

इस अवसर पर गोविंद देव जी के प्राकट्ययकर्ता रूप गोस्वामी जी की तिरोभाव तिथि का पूजन भी श्रद्धा से किया गया। श्रीमन् चैतन्य महाप्रभु, श्रीमन् नित्यानंद महाप्रभु, श्रीमन् नित्यानंद महाप्रभु, श्रीमन् गदाधर पंडित, श्रीनिवास जी, अद्वैताचार्य जी, रूप गोस्वामी जी, सनातन गोस्वामी जी, श्रीजीव गोस्वामी जी, गोपाल भट्ट गोस्वामी जी, रघुनाथ भट्ट गोस्वामी जी, पद्म कुमार गोस्वामी जी सहित गौड़ीय संपदाय के 64 आचार्यों का वेद मंत्रोच्चार के साथ भाव भरा आ ान कर पूजन किया गया।

## 'झोटवाड़ा में 151 सड़कों का होगा प्राथमिकता से विकास'



कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जेडीए और नगर निगम के अधिकारियों की बैठक की।

- **98 करोड़ की लागत से नया प्लान वार्ड नंबर 47, 46 नार्थ के लिए पास होगा**

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जेडीए और नगर निगम के अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और उसके बाद झोटवाड़ा कॉलोनी वासियों से मिलकर उनसे बातें की। विकास कार्यों के लिए जनता ने उनका आभार जताया।

सेक्टर रोड, सीवरेज, ड्रेनेज, ट्रैफिक और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस दौरान जानकारी दी कि 98 करोड़ की लागत से नया प्लान वार्ड नंबर 47, 46 नार्थ के लिए पास होगा। वार्ड नंबर 45, 46 साउथ 49, 50, 51, 56 के लिए प्रस्ताव तैयार है और वार्ड 48, 51, 53 का कार्य चल रहा है, इसमें सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी शामिल है।

इसी के साथ ही कैबिनेट मंत्री ने बताया कि तलाई परियोजना के लिए पर्यवेक्षण टीम काम की तेजी और गुणवत्ता पर लगातार नजर रख रही है।

जेडीए और नगर निगम की बैठक में धाबास, कालवाड़ और गोविंदपुरा-निवारू रोड से लेकर विधानसभा की चिन्हित 151 सड़कों के निर्माण तक विस्तार से चर्चा हुई। हाई टेंशन तार को लेकर इंटर और इंट्रा डिपार्टमेंट कोर्डिनेंसर के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि जेडीए से नगर निगम को कॉलोनियां के हैंडओवर की प्रक्रिया के बाद भी कॉलोनी की सुविधाएं बनी रहेंगी, पहले से और बेहतर सुविधाएं हर परिवार को दी जाएंगी। उन्होंने इस बारे में जेडीए और निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में भी जनता को हर तरह की सुविधाएं अवश्य और प्राथमिकता से मिलें।

## जनाना अस्पताल में नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश



चांदपोल स्थित जनाना अस्पताल में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया ।

**जयपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में चांदपोल स्थित जनाना अस्पताल में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अधीक्षक डॉ. नूपुर लोरिया के अनुसार इन कार्यक्रमों का उद्देश्य गर्भवती माताओं और आम जनता को स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक करना है।

जनाना अस्पताल की नवजात शिशु इकाई के प्रभारी डॉ.आलोक गोयल ने बताया कि अगस्त के पहले सप्ताह को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रसव पूर्व जांच इकाई के प्रभारी रमेश सैनी और विद्या कुमारी के नेतृत्व में एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

नाटक के माध्यम से गर्भवती माताओं को स्तनपान के फायदों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त, अस्पताल की नर्सरी में पोस्टर और स्लोगन की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## सार-समाचार

### मलेशिया व सिंगापुर ऑडेक्स रैंडोन्यूर्स में 59 वर्षीय रेणु सिंघी ने साबित की श्रेष्ठता



**जयपुर।** मन में दृढ़ संकल्प को हो कोई की चुनौती मुश्किल नहीं होती। इस तथ्य को सही साबित किया है 59 वर्षीय साइकिलिस्ट रेणु सिंघी ने, जो गत दिनों 600 से अधिक किलोमीटर की मलेशिया ऑडेक्स और सिंगापुर ऑडेक्स रैंडोन्यूर्स सफलतापर्वक पूरी कर लौटी हैं। मलेशिया ऑडेक्स में विभिन्न देशों के 130 साइक्लिस्ट और सिंगापुर ऑडेक्स में 15 साइक्लिस्ट शामिल हुए। खास बात यह है कि इन दोनों राइड में शामिल होने वाली रेणु सिंघी भारत की एकमात्र महिला साइक्लिस्ट हैं। भारत से रेणु सिंघी के साथ पटियाला के कंवरगिल ने न सिर्फ इस चैलेंज में को स्वीकार किया, बल्कि दोनों ने कई चुनौतियों के बावजूद निर्धारित समय में इसे पूरा भी किया इनमें 305 किलोमीटर की ऑडेक्स पीक चैलेंज मलेशिया इस्कंदर से शुरु होकर इपोह, ताइपिंग-जेट्टी होते हुए वापस इस्कंदर पहुंचकर समाप्त हुई। 300 किलोमीटर की सिंगापुर ऑडेक्स रैंडोन्यूर्स जोहार से शुरु होकर पहाट व कुकुप होते हुए वापस जोहार पहुंचकर फिनिश हुई। रेणु सिंघी ने बताया कि 305 किलोमीटर की ऑडेक्स पीक चैलेंज मलेशिया को 20 घंटे में फिनिश करने का टास्क मिला था, लेकिन हमने इसे साढ़े 11 घंटे में पूर्ण किया। दोनों राइड के दौरान कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिनमें सबसे प्रमुख वेज फूड उपलब्ध नहीं होने से भूखे रहकर और सिर्फ पानी, कोल्ड ड्रिंक और चुनिंदा फूड आइटम्स के दम पर साइकिलिंग करनी पड़ी।

### भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियां दी



**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में मनाए जा रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में बुधवार को को राधा गोविंद कृपा प्रभातफेरी मंडल और श्रीमन् माध्व गौड़ेश्वर संकीर्तन मंडल की ओर से भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियां दीं गई। मंडल के सदस्यों ने एक ही सुर ताल में एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं कि दर्शनार्थी भी ठाकुर जी के दरबार में नाचने लगे। आचार्य रजनेश पांडे, प्रियांश भार्गव, केशव किशोरी, अनंत भैया, मनीष भैया, प्रदीप, रतन सोनी, भानुप्रताप एवं अन्य ने राधे राधे हो राधे राधे..., राधा राधा गाएंगे, नित मंगला में आएंगे..., राधे किशोरी दया करो, गोविंद की प्यारी दया...,राधा राधा राधा...जैसे कीर्तन पर हर कोई नाचने को मजबूर हो गया। इससे पूर्व मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने ठाकुर राधा गोविंद देवजी और गौरांग महाप्रभु के चित्रपट का पूजन कर कीर्तन का शुभारंभ किया। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने गायकों-वादकों का तिलक-दुपट्टा-प्रसाद देकर सम्मान किया। राधे-राधे के जयघोष के बीच भजन-कीर्तन का क्रम लगातार चलता रहा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि गुरुवार, 7 अगस्त को सुबह गौर गोविंद महिला मंडल और शाम को नारायण संकीर्तन मंडल की ओर से कीर्तन होगा।

### शातिर मोबाइल स्नेचर गिरफ्तार



**जयपुर।** विधाधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले एक शातिर मोबाइल स्नेचर को धर-दबोचा है और वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की है। आरोपित के खिलाफ चोरी,नकबजनी और लूट के करीब बीस मामले दर्ज है। आरोपित नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए वारदात को अंजाम देता है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि विधाधर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करने वाले शातिर बदमाश शाहरुख निवासी भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है। छीने गए मोबाइलों को औने-पौने दामों में बेच कर नशा पूर्ति करता है। आरोपित अपने किसी रिश्तेदार के दुपहिया वाहन को काम मे लेते है। जिसकी नम्बर प्लेट पर मिट्टी लगाकर अप्रदर्शित कर देते है। ताकि नंबरों के आधार पर उन तक पहुंचा नहीं जा सके। आरोपित का एक अन्य साथी बाबू फरार चल रहा है। जिसकी तलाश की जा रही है।

### ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने किया मेले का शुभारंभ

**जयपुर।** रक्षाबंधन पर्व पर राखी सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा शासन सचिवालय जयपुर परिसर में 6 से 8 अगस्त तक राखी मेले का अयोजन किया जा रहा है। यहां पर लगाई स्टॉल्स पर रंग बिरंगी राखियों के साथ नमकीन, भुजिया, पापड़, अचार एवं अन्य सजावटि आइटम उचित दर पर उपलब्ध हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्रेया गुहा ने बुधवार को स्टॉल्स का अवलोकन कर उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और राजीविका की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेलों से राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों को विपणन हेतु आवश्यक उच्च स्तरीय मंच प्राप्त होता है जिससे उनकी आजीविका में बढ़ोतरी होती है।

### तस्करी करने वाला तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 4 ग्राम 33 मिलीग्राम एमडी ड्रग्स (क्रिस्टल) बरामद किया है। इसके अलावा ड्रग्स बेच कर मिले 66 हजार 500 रुपए भी जब्त किए है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित पूर्व में भी मादक पदार्थ की सप्लाई करने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर सज्जन(30) निवासी थाना जसवंतगढ़ जिला नागौर हाल कर्मचारी स्काई हाईट होटल राजापार्क को गिरफ्तार किया है। जिस के कब्जे से 4 ग्राम 33 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी. ड्रग्स (क्रिस्टल) बरामद की है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### बावरिया गैंग की शातिर महिला गिरफ्तार

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला यात्रियों के गले की चैन तोडने वाली बावरिया गैंग की शातिर महिला को गिरफतार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपित महिला से गले की सोने की चैन व लॉकेट भी बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला यात्री के गले की चैन तोड़ने वाली बावरिया गैंग की शातिर महिला मधु बावरिया निवासी सेवर जिला भरतपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से गले की सोने की चैन व लॉकेट भी बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गैंग अक्सर भीड भाड वाले स्थानों पर महिलाओं के गले से उनकी सोने की चैन, मंगलसूत्र आदि को खोल लेती हैं या तोड लेती हैं। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।